Raj Express (Indore), 18th November 2026, Page – 04

जूनियर रिसर्च फेलो के पदों के लिए उम्मीदवारों से आवेदन मांगे

आईआईटी और डीएवीवी का संयुक्त प्रोजेक्ट

मार्च तक शुरुआती नियुक्ति

इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

आईआईटी इंदौर और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने मिलकर अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) के 'पेयर सक्षम' कार्यक्रम के तहत एक संयुक्त रिसर्च प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट के तहत जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ) के पदों पर योग्य और प्रेरित उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन करने के लिए 25 तक मौका है। यह रिसर्च प्रोजेक्ट 'सक्षम' (साइंटिफिक, एडवांसमेंट्स इन नॉलेज फॉर सस्टेनेबिलिटी, हेल्थकेयर एंड मटेरियल्स) शीर्षक के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट मुख्य रूप से तीन प्रमुख थीम पर आधारित है।

इस संयुक्त पहल का हब संस्थान आईआईटी इंदौर है, जबकि डीएवीवी इसमें स्पोक संस्थान के रूप में सहयोग कर रहा है। हालांकि प्रोजेक्ट की आवश्यकताओं के अनुसार कार्यस्थल में बदलाव भी हो सकता है। शुरुआती नियुक्ति मार्च 2027 तक होगी, जिसे प्रोजेक्ट की समाप्ति तक बढ़ाया जा सकता है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार निर्धारित फॉर्मेट में अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों को एक सिंगल पीडीएफ फाइल में स्कैन करके दिए गए गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।